राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION,
BIHAR

पत्र संख्या–प0नि0 30–34/2024 1870

प्रेषक,

विशेष कार्य पदाधिकारी,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी–सह–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत),
पूर्वी चम्पारण।

पटना, दिनांक– 15.04.24

विषय :– अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के फलस्वरूप रिक्त पद पर निर्वाचन कराने हेतु प्रेषित प्रस्ताव में वांछित कागजात उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंग:– आपका पत्रांक 64 दिनांक 19.02.2024 पत्रांक 66 दिनांक 19.02.2024, पत्रांक 109 दिनांक 06.03.2024, पत्रांक 113 दिनांक 06.03.2024, पत्रांक 114 दिनांक 14.03.2024, पत्रांक 126 दिनांक 19.03.2024 एवं पत्रांक 128 दिनांक 19.03.2024

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के फलस्वरूप रिक्त पद पर निर्वाचन कराने हेतु आयोग को प्रतिवेदन/प्रस्ताव प्रेषित किये गये हैं। जिनके समीक्षोपरान्त प्रतिवेदन में निम्न कागजात उपलब्ध नहीं है, जिनके आभाव में रिक्त पद पर निर्वाचन की तिथि निर्धारित करने में कठिनाई हो रही है :–

1. **प्रखंड मेहसी ग्राम पंचायत झिटकहियाँ के उप मुखिया** के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव संबंधी प्रतिवेदन तामिला एवं साक्ष्य/कागजात संलग्न नहीं है।
2. **प्रखंड रामगढ़वा ग्राम पंचायत अहिरौलिया के उप मुखिया** विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव बैठक संबंधी प्रतिवेदन में 3 सदस्यों का तामिला संलग्न नहीं है।
3. **प्रखंड मोतिहारी सदर ग्राम पंचायत ध्रुव लखौरा के उप मुखिया** विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव बैठक संबंधी प्रतिवेदन में 2 सदस्यों का हस्ताक्षर तामिला संलग्न नहीं है।
4. **प्रखंड पहाड़पुर ग्राम पंचायत पश्चिमी सरेया के उप मुखिया** विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव बैठक संबंधी प्रतिवेदन में 01 सदस्य का तामिला संलग्न नहीं है।
5. **प्रखंड संग्रामपुर ग्राम पंचायत दक्षिणी बरियरिया के उप मुखिया** विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव बैठक संबंधी प्रतिवेदन में अध्यपेक्षा स्पष्ट नहीं एवं 01 सदस्य का तामिला संलग्न नहीं है।
6. **प्रखंड घोड़ासहन ग्राम पंचायत लौखान के उप मुखिया** विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव बैठक संबंधी प्रतिवेदन में 01 सदस्यों का तामिला संलग्न नहीं एवं बैठक की सूचना नियमानुसार नहीं है।
7. **प्रखंड हरसिद्धि के उप प्रमुख** विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव बैठक संबंधी प्रतिवेदन में 06 सदस्यों का तामिला संलग्न नहीं है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि उक्त वांछित कागजात पत्र प्राप्ति से दो दिनों के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित की जाय। ताकि संदर्भित रिक्त पद पर निर्वाचन कराने हेतु तिथि निर्धारित की जा सके।

विश्वासभाजन,
15/4/24

विशेष कार्य पदाधिकारी।